# 28. रचनात्मक अभिव्यक्ति

सभी छात्रों में भिन्न-भिन्न प्रकार की रचनात्मक अभिव्यक्ति होती है। प्रत्येक छात्र कुछ अलग या कुछ नया करने का प्रयास करता रहता है। रचनात्मक अभिव्यक्ति द्वारा छात्रों की इसी कला को उभारने का प्रयास किया जाता है। इसके लिए भिन्न-भिन्न प्रकार की विधाएँ शामिल की जाती हैं।

## शिक्षण-संकेत

- छात्रों को समझाएँ, रचनात्मक कला की अभिव्यक्ति मौखिक तथा लिखित दोनों प्रकार से की जाती है।
- मौखिक अभिव्यक्ति– श्रवण एवं वाचन कौशल के बारे में समझाएँ।
- श्रवण कौशल के अंतर्गत सुनकर अर्थ या भाव ग्रहण करने की क्षमता का विकास किया जाता है तथा वाचन कौशल में वाक् यानि बोलने के कौशल में परिपक्व किया जाता है।
- छात्रों को भाषण, संवाद वाचन, चित्र-वर्णन, डायरी-लेखन, कविता-लेखन आदि के बारे में समझाएँ।

### भाषण

भाषण एक ऐसी विधा है जिसमें वक्ता अपने विचारों तथा तथ्यों को लोगों के समक्ष पेश करता है। यह पाठकों एवं श्रोताओं तक अपने विचारों को पहुँचाने का माध्यम है।

- शिक्षक/शिक्षिका छात्रों को भाषण के बारे में विस्तार से समझाएँ।
- उन्हें भाषण की परिभाषा से अवगत करवाएँ।
- भाषण में क्या-क्या विशेषताएँ होनी चाहिए, इससे परिचित करवाएँ।
- भाषण के विभिन्न प्रकारों के बारे में बताएँ।
- छात्रों को पाठ पृष्ठ पर दिए गए भाषण के उदाहरण पढ़वाएँ।
- कक्षा में प्रत्येक छात्र को भाषण प्रतियोगिता में भाषण देने के लिए प्रेरित करें।
- यह सुनिश्चित करें कि छात्रों को विषय अच्छी तरह से समझ आ गया है।
- दिया गया अभ्यास करवाएँ तथा यथासंभव सहायता करें।

### धन्यवाद ज्ञापन

किसी उत्सव या समारोह में अतिथियों एवं दर्शकों के प्रति आभार व्यक्त करना धन्यवाद ज्ञापन कहलाता है। यह किसी कार्यक्रम का अंतिम भाषण होता है। इसमें वक्ता कार्यक्रम या समारोह में आए मुख्य अतिथियों एवं श्रोताओं को धन्यवाद देता है।

- शिक्षक/शिक्षिका छात्रों को धन्यवाद ज्ञापन के बारे में विस्तार से बताएँ।
- उन्हें धन्यवाद ज्ञापन का अर्थ समझाएँ।
- धन्यवाद ज्ञापन की मुख्य विशेषताएँ पढ़वाएँ।
- छात्रों को बताएँ कि किन-किन अवसरों पर धन्यवाद किया जाता है।
- धन्यवाद ज्ञापन की शुरूआत और समाप्ति के बारे में समझाएँ।
- पाठ पृष्ठ 203-204 पर धन्यवाद ज्ञापन के दिए गए उदाहरण पढ़वाएँ।
- दिया गया अभ्यास करवाएँ तथा आवश्यकतानुसार सहायता करें।
- कक्षा में पाठ में वर्णित विषयों के अलावा अन्य विषयों पर भी छात्रों से धन्यवाद ज्ञापन लिखवाएँ।